
दिनांक

# घर और उस के आसपास



खुशी-खुशी 3, भाग 1 में हमने बाली के स्कूल का चित्र देखा था और अपने स्कूल का चित्र भी बनाया था। स्कूल के आगे क्या है पीछे क्या है, इस तरफ क्या है और उस तरफ क्या है? याद है न!

देखो यहां बाली ने अपने घर का नक्शा बनाया है।




यह नक्शा उसने अपने घर के सामने से बनाया है। जो घर के सामने है वह कागज के निचली तरफ बनाया और जो घर के पीछे है, उसे कागज के ऊपरी तरफ बनाया। सामने से देखने पर जो दाएं हाथ पर था, उसे दाएँ हाथ पर और जो बांई ओर था, उसे बाईं ओर बनाया।

उसने नक्शा बनाने के लिए ये निशान इस्तेमाल किए :

——— कमरे या कोठरी की दीवार

ओटले की दीवार \/ दरवाज़ा खिड़की पेड़ बागोड़

कुछ निशान मिट गए हैं, तुम नक्शा देखकर इन्हें भरो

**अब नक्शा देखकर बताओ :**

| | |
|---|---|
| बाली के घर में कितने कमरे हैं? | |
| कितने दरवाजे हैं? कितनी खिडकियां हैं? | |
| बाली के दाएं हाथ पर कितने पेड़ हैं? | |
| गाय बैल की कोठरी बाली के किस हांथ पर है? | |


बाली के घर के नक्शे मे ये चीज़ें जोड़ो :

गाय बैल की कोठरी में एक गाय बनाओ ऐसे। बड़े कमरे में एक खाट बनाओ ऐसे। छोटे कमरे में कोठरी की तरफ एक कुर्सी बनाओ ऐसे।


रसोई में एक चूल्हा बनाओ ऐसे। बाली के दाएँ हाथ पर एक पेड़ बनाओ ऐसे

अब तुम यहां (खाली जगह) पर अपने घर का नक्शा बनाओ। तुम भी सामने से देखकर बनाना। इन चीज़ों के लिए जो निशान उपयोग करो, उन्हें यहां बनाओ।


खिड़की बागोड़ कमरे की दीवार दरवाज़े पेड़

जहां बर्तन धुलते हैं, वहां ऐसे निशान बनाओ  । जहां बैठ कर खाना खाते हों, वहां ऐसा निशान बनाओ  । जहां सोते हो वहां ऐसा निशान बनाओ  ।


# खुजली




शेमु का एक छोटा भाई था मनु। शेमु दिन भर मनु को सम्भालती और दोनों अपने दोस्तों के साथ खेलते रहते।




शेमु की एक दोस्त थी, मानी। एक दिन मानी ने शेमु से फुगड़ी खेलने को कहा। मानी के हाथ में बहुत खुजली हो रही थी, पर शेमु ने इस पर ध्यान नहीं दिया। वह मानी के साथ फुगड़ी खेलने लगी।



कुछ दिनों बाद शेमु के हाथ पर भी बहुत खुजली होने लगी। खच खच खच, शेमु ने अपने नाखूनों से हाथ खरोंच डाला। पर खुजली कम नहीं हुई। फिर उसकी कलाई और बगल में भी खुजली होने लगी। शेमु ने देखा कि उसकी उंगलियों के बीच धारियों जैसे निशान हो गए थे।




सच बात तो यह है कि खुजली के कीड़ों ने शेमु की उंगलियों के बीच अपना घर बना लिया था। वे शेमु की चमड़ी के नीचे एक सुरंग सी बनाकर रहते और वहीं अपने अण्डे देते। इससे हाथों में खुजली होती रहती। खुजलाने और खरोंचने से शेमु की उंगलियों और कलई पर छोटी-छोटी फुंसियां हो गई थी। उनमें से पीप भी निकलने लगी थी।




खुजली के कीड़े चींटी से भी बहुत छोटे थे। वे आंखों से दिखते नहीं थे। रात के समय जब शेमु रजाई ओढ़ कर सोती तो गर्मी में शेमु को बहुत खुजली होती थी। एक रात इतनी खुजली हुई कि वह रोने लगी।

खुजली का कीड़ा - लेंस से सैकड़ों गुना बड़ा दिखता है



शेमु के साथ मनु भी सोता था। खुजली के कीड़े मनु पर भी, चढ़ गए। कीड़ो ने मनु की कमर पर घर बना लिया।




■ अगले दिन जब शेमु की मां ने देखा कि शेमु और मनु को खुजली हो रही है तो वह काफी परेशान हुई। उसे मालूम था कि यदि शेमु और मनु का तुरन्त इलाज नहीं हुआ तो घर भर में सबको खुजली हो जाएगी।

■ शेमु की मां ने जल्दी से पानी गरम करने के लिए रखा और नीम के पत्तों को पानी में उबाला मां ने नीम के पत्ते पानी से निकालकर उन्हें पीसा। फिर उसने शेमु और मनु को नहाने के लिए बुलाया।



■ शेमु और मनु को नहाने से बहुत डर लगता था। खासकर सर्दी के दिनों में। जब ठंड में मां उन्हें नहाने के लिए बुलाती तो वे भाग जाते। पर अब मां उन दोनों को पकड़कर ले आई। वे खूब रोए पर उन्हें नहाना तो पड़ा ही।

■ साबुन से रगड़कर नहाने के बाद, शेमु की मां ने शेमु और मनु दोनों को पिसी नीम की पत्तियों का लेप लगाकर दोनों को बाहर धूप में खड़ा कर दिया।



■ फिर घर की चादरें, गोदड़ी, कपड़े उबालकर धोए और बाहर धूप में डाल दिया। मनु और शेमु की खाट पर भी उबलता पानी डाला और बाहर धूप में रख दिया। शेमु की मां और बाबूजी ने भी नहाकर नीम का लेप लगाया जिससे उन्हें खुजली न हो।

■ तीन दिनों तक शेमु के घर में सब ने नीम का लेप लगाया पर नहाया नहीं। तीन-चार दिनों तक खाट भी बाहर धूप में पड़ी रही। चौथे दिन सब ने फिर से अच्छे से नहाया। गरम पानी, नीम के लेप और धूप की गर्मी से सब खुजली के कीड़े मर गए।

■ जब शेमु फिर से खेलने गई, तो उसने देखा कि मानी को अभी तक खुजली हो रही है। कुछ और बच्चों को भी खुजली हो गई थी। शेमु उनके साथ खेली नहीं पर उन्हें खुजली का इलाज बताया।

● सही पर सही का निशान लगाओ :

(क) मनु को दिन भर कौन सम्भलता था?

(●) मां (●) दादा

(●) शेमु (●) मानी

(ख) शेमु और मनु को सर्दी के दिनों में किससे डर लगता था?

(●) नहाने से (●) ठण्ड से

(●) कुत्ते से (●) बैल से

● खाली स्थान भरो:

मानी के हाथ में बहुत .............. हो रही थी। उसने शेमु से ......... खेलने को .............। अगले दिन शेमु को भी ............. पर बहुत ........... हुई। उसने अपने ........... से हाथ .......... डाला। पर .......... कम नहीं हुई। फिर उसकी ............. और बगल में भी ......... होने लगी।

● छांटकर सही शब्द भरो:

● खुजली के कीड़ों ने शेमु के हाथों में अपना ................ बना लिया था।

(बल, बिल, घोंसला)

● शेमु की ............. में ............... के से निशान बन रहे थे।

(हाथों, उंगलियों, गोल, चौकोर, धारियों)

● खुजली के कीड़े शेमु की चमड़ी के ............ बना कर रहते और वहां अपने ......... देते।

(अंडे, चूजे, घर, सुरंग)

● शेमु की खुजली दूर करने के लिए उसकी मां ने ............. लगाया।

(दवाई, नीम का लेप, खाखरे का पत्ता, हल्दी)

● कापी में लिखो:

● शेमु को खुजली कैसे हुई?

● खरोचने से शेमु के हाथों और कलाई पर क्या हो गई थी? उसमें से क्या निकलने लगा था?

● साबुन से रगड़कर नहाने के बाद, शेमु की मां ने क्या किया? फिर उन्होंने क्या-क्या धोया और उसे कहां डाला ?

● तुम्हारे यहां खुजली का इलाज कैसे किया जाता है?

# दस तक पहुंचें कैसे कैसे

10 तक पहुंचने के ये अलग – अलग तरीके हैं।

यहां आड़ी लाइन में 10 गोले बने हैं।

हर लाइन से पहले 10 तक पहुंचने का एक तरीका लिखा है।


तुम इन तरीकों को गोला जाली में रंग भर कर भी देख सकते हो।

जैसे, पहला तरीका है 1+9 = 10

तो तुम पहली लाइन के पहले गोले में नीला रंग भर दो।

फिर उसी लाइन के अगले 9 गोलों में भूरा रंग भरो।

1 + 9 = 10
2 + 8 = 10
3 + 7 = 10
4 + 6 = 10
5 + 5 = 10
6 + 4 = 10
7 + 3 = 10
8 + 2 = 10
9 + 1 = 10



दिनांक

इसी तरह अगली लाइन में 2 गोलों में नीला और 8 गोलों में भूरा रंग भरो।

ऐसे ही पूरी गोला जाली को भरते जाओ।

**10 तक पहुंचने के इन तरीकों को एक बार फिर ध्यान से देखो। कोई दो तरीके एक जैसे दिखते हैं?**

जैसे, 1+9 = 10 ऐसे और एक जैसे तरीके ढूंढो ...... + ..... = 10 ..... + ..... = 10 ..... + ..... = 10

9+1 = 10 ...... + ..... = 10 ...... + ..... = 10 ...... + ..... = 10

**कौन से तरीके में दो बराबर संख्याओं को जोड़कर 10 बनता है?** ...... + ..... = 10


इन समीकरणों में खाली स्थान भरो–

3+...... = 10 1+...... = 10
5+...... = 10 ...... + 8 = 10
.....+ 6 = 10 9 +..... = 10
7+...... = 10 ...... + 5 = 10

10 कंकड़ जमा कर लाओ। कंकड़ से ये समीकरण हल करो। जो गलत हैं उन्हें सही कर के लिखो। **पर 10 को नहीं बदल सकते।**

10 − 1 = 9
10 − 2 = 7
10 − 3 = 6
10 − 4 = 6
10 − 5 = 3
10 − 6 = 4
10 − 7 = 3
10 − 8 = 1
10 − 9 = 1

# खाने भर के देखो




ऊपर की खानों वाली जाली को ध्यान से देखो। नीचे वाली लकीर में 1 से 36 तक संख्याएँ लिखी हैं। खड़ी लकीर पर 1 से 10 तक संख्याए लिखी हैं।

खड़ी लकीर में जहां 1 लिखा है उसके सामने के हर आड़ी लाइन के हर घर को भरो। 1 से 36 तक।

खड़ी लकीर में जहां 2 लिखा है उसके सामने आडी लाइन पर हर दूसरे घर को भरो। 1 से 36 तक।


3 के सामने हर तीसरा घर भरो। 1 से 3 तक के 3-3 घर हमने तुम्हारे लिए भरे हैं।

इसी तरह 4 के सामने हर चौथा घर और 5 के सामने हर पांचवां घर भरो।

6 के सामने हर छंटवा घर भरो, 7 के सामने हर सातवां घर, 8 के सामने हर आठवां घर, 9 के सामने हर नौवां घर और 10 के सामने हर दसवां घर भरो।

पूरी जाली भर जाने के बाद अब अपने चित्र को देखो।

हर आड़ी लकीर की संख्या के ऊपर खड़ी लकीरों में कुछ घर भरे हैं। जैसे 4 के ऊपर 3 घर भरे हैं। 1, 2 और 4




किन संख्याओं के ऊपर सबसे ज़्यादा घर भरे हैं? नीचे दी गईं संख्याओं में से चुन कर सही संख्याओं के ऊपर गोला लगाओ।

9, 10, 16, 24, 27, 32, 36

कौन सी संख्याओं के ऊपर 2 या 2 से कम घर ही भरे हैं। जैसे 1, 3, 5, 7, - - -

बाकी की संख्याएँ तुम पहचान कर लिखो।

अच्छा, अब आड़ी लकीरों पर चलें। 5 के सामने वाली लकीर में 5, 10, 15, 20, 25, 30, 35 के घर भरे हैं।

7 के सामने कौन-कौन से घर भरे हैं?

इन दोनों को आगे क्रम में बढ़ाने से क्रमशः कौन-कौन से घर भरे होंगे?

6, 8 और 9 के सामने के घरों को भी इसी प्रकार क्रम में आगे बढ़ाओ।